हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 18 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

प्रभारी मंत्री चौधरी ने किया स्थल निरीक्षण जिला सहित संभाग के अफसरों से की चर्चा
4



## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में जिले के समस्त मदिरा दुकानों, देशी मदिरा सी.एस.-2 , देशी मदिरा सी.एस.-2 , विदेशी मदिरा एफ.एल.1 , विदेशी मदिरा एफ.एल.1, प्रीमियम शॉप, अहाता अनुज्ञप्त सी.एस.2, सी.एस.2 , एफ.एल.1 , एफ. एल. 1 एवं मद्य भाण्डागार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

### युक्तधारा पोर्टल : 282 पंचायतें जुड़े जीआईएस प्रणाली से

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को अधिक पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जिले में ग्राम पंचायतों के विकास को वैज्ञानिक और पारदर्शी स्वरूप दिया जा रहा है। जिले की कुल 334 ग्राम पंचायतों में से 282 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसके माध्यम से अब गांवों का विकास केवल मांग आधारित न होकर वास्तविक भौगोलिक और संसाधन आधारित आंकड़ों पर किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में बलौदा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़ और बम्हनीडीह विकासखंडों में इस प्रणाली को प्रभावी रूप से अपनाया जा रहा है।

### आजीविका ऋण व रोजगार मेला में 22 का चयन

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत अकलतरा में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों और युवाओं, ग्रामीणों स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित किया गया। आजीविका ऋण मेला में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 408 ऋण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनके माध्यम से 15 करोड़ 48 लाख रुपये की ऋण राशि स्वीकृत की गई है। जनपद पंचायत अकलतरा के कृषि उपज मण्डी में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत आयोजित आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों एवं पात्र हितग्राहियों को बैंक ऋण से जोड़ते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कुल 228 प्रकरणों को स्वीकृत करते हुए 803.38 लाख रुपये की ऋण राशि प्रदान की गई। वहीं, अन्य योजनाओं के अंतर्गत 180 प्रकरणों में 745 लाख रुपये की ऋण राशि स्वीकृत की गई। ऋण मेला के दौरान हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रतियां वितरित की गईं।

जिला सहकारी बैंक में लग रही भीड़, धान बेचने के बाद खाता अपडेट नहीं होने से बढ़ी परेशानी

# खत्म नहीं हो रहा ई-केवायसी का टेंशन समिति और बैंक का चक्कर लगा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला सहकारी बैंक के खाताधारक किसानों को कही चैन नहीं मिल पा रहा है। दरअसल धान बेचने के लिए किसान जहां समिति में पसीना बहा रहे है। वहीं जिला सहकारी बैंक में ई केवायसी कराने की प्रक्रिया में माथापच्ची हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है, जिन्होंने धान बेचा है और ई केवायसी नहीं होने के कारण उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के जिला सहकारी बैंकों में इन दिनो ईकेवायसी कराने किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है। जिले के जांजगीर,चाम्पा, अकलतरा, पामगढ, बलौदा, नवागढ सहित एक दर्जन से अधिक जिला सहकारी बैंकों में किसान सुबह से पहुंच रहे है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसानों के खाते में राशि आती है, जिन किसानों के बैंक खातों का ईकेवायसी अपडेट नहीं होगा उनको राशि ट्रांसफर के समय समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यही वजह है कि किसान इन दिनों समिति में धान बेचने के लिए मशक्कत तो कर ही रहे है। इसके साथ ही जिला सहकारी बैंक में ई केवायसी कराने की परेशानी बढ़ गई है। बुधवार 17 दिसम्बर को जिला सहकारी बैंक जांजगीर में कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। यहां ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खुलने के बाद से ही किसानों की भारी भीड देखी गई। जांजगीर सहकारी बैंक के अंतर्गत 50 से अधिक गांवों के किसान आते है। वहीं करीब 22 हजार से भी अधिक बैंक खाता धारक किसान है जो सहकारी बैंक के माध्यम से राशि जमा एवं आहरण करने का काम करते है, लेकिन दुसरी ओर खाता धारको को ईकेवायसी कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड जा रही है। इसी तरह की भीड़ चाम्पा जिला सहकारी बैंक में भी देखने को मिल रही है। ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खाता, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित अन्य तरह का दस्तावेज आवश्यक रहता है। इसके अलावा बैंक खातो में किसी भी तरह के फर्जीवाडे को रोकने के भी ईकेवायसी कराना आवश्यक हो गया है। ऐसे में ईकेवायसी कराने के लिए किसानों को अपने खेतो का काम छोड़कर ईकेवायसी कराने के लिए बैंको का चक्कर लगाने की मजबूरी हो गई है।

### ज्यादातर किसानों के पास एटीएम कार्ड नहीं

आज के बदलते परिवेश में जहां बैंको की पूरी व्यवस्था आनलाइन संचालित हो रही है। उसके बाद भी जिला सहकारी बैंको की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बैंक में एटीएम सुविधा किसानो के लिए बनाई गई है। इसके बाद भी ज्यादातर किसानों के पास एटीएम कार्ड नहीं है। ऐसे में किसानो को धान बेचने के बाद अपनी ही जमा राशि पाने के लिए कडी मशक्कत करनी पड़ती है। वही उनके पास एटीएम की सुविधा नहीं हो पाने के चलते जमा राशि निकालने के लिए बैंको में घंटो इंतजार भी करना पडता है। जांजगीर जिला सहकारी बैंक में ही 22 हजार से भी अधिक खाता धारक किसान है, लेकिन करीब 40 फिसदी से भी अधिक किसानो के पास एटीएम कार्ड तक नही है, जिसके चलते किसानो को राशि निकालने के दौरान परेशानी उठानी पड़ती है।

### ईकेवायसी कराना जरूरी

किसानों को अपना बैंक खाता संचालन को लेकर ईकेवायसी कराना जरूरी है। ईकेवायसी कराने को लेकर शाखा प्रबंधक एवं सेवा सहकारी कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है। उक्त कार्य नही कराने की स्थिति में किसानों को लेनदेन के दौरान दिक्कत हो सकती है।

-अमित साहू
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# सड़क हादसा : जिले में साढ़े 11 महीने में गई 218 जानें

### तमाम कोशिशों के बावजूद कम नहीं हो रहा सड़क दुर्घटना का आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



वर्ष 2025 की विदाई में अब दो सप्ताह का समय भी शेष नहीं रह गया है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो बीते 11 महीने और 16 दिनों में सड़क हादसो में 218 लोगों की जानें गई है, जबकि 397 लोग घायल हुए है। इस तरह से औसतन हर सप्ताह 4 से 5 लोग असमय काल के गाल में समा गए।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले मे सडक हादसे कम होने का नाम नही ले रहा है। जनवरी 2025 से अब तक सडक हादसो के 490 मामले सामने आ चुके है। इनमें 218 लोगो की मौत एवं 397 लोगो के घायल होने के मामले सामने आ चुके है। इसके बावजूद लोगो के साथ साथ कई वाहन चालक भी यातायात नियमो का पालन नही करते जिसके चलते सडक हादसे लगातार बढ रहे है। औसतन देखा जाए तो हर दुसरे दिन सडक हादसो में लोगो की मौत का मामला सामने आ रहा है। एक तरफ तो पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के द्वारा लोगो को दुर्घटना से बचाव को लेकर जगह जगह दुर्घटना रोकने को लेकर होड़िंग लगाकर लोगो को सडक पर चलते समय यातायात नियमो की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। लेकिन वाहन चालक एवं लोगो के सडको पर चलने के दौरान यातायात नियमो का पालन नही करने की स्थिती में सडक हादसो की संख्या बढ रही है। नवम्बर महीने में सडक हादसो के दौरान जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम सुकली मोड के पास एक तेज रप्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बारात से वापस लौट रहे कार को ठोकर मार दी थी। इस घटना में नवागढ निवासी सेना के जवान समेत 5 लोगो की मौत हुई। इस घटना के बाद आरोपी वाहन चालक को गिरप्तार कर जेल भेज दिया गया। इसी प्रकार नवम्बर महीने के दौरान ही मुलमुला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर की ओर जा रही बस एवं बिलासपुर तरफ से शिवरीनारायण की ओर आ रही कार में भिडंत हो गई थी। इस घटना मे बस में सवार डेढ दर्जन से अधिक लोगो के साथ साथ कार में सवार करीब तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद सभी घायल करीब 21 लोगो को उपचार के लिए पामगढ के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया गया था। नवम्बर महीने के दौरान ही बाइक सवार छात्र को कैप्सूल वाहन ने कुचल दिया था। इस घटना में मुलमुला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नरियरा निवासी छात्र अतुल साहू पिता जयकुमार साहू की सडक हादसे में मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर परिजनो एवं नगर वासियो ने आंदोलन किया था। इसी प्रकार अकलतरा क्षेत्र के पडरिया मे बुधवार 5 नवम्बर को पिकनिक से वापस घर लौटते ग्रामिणो की पीकप वाहन अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट गई थी। इस घटना मे पिकप में सवार 7 लोग घायल हो गए थे। जिन्हे उपचार के लिए सीएससी अकलतरा में भर्ती कराया गया था।

### चलाते है अभियान

सडक दुर्घटना रोकने को लेकर लोगो को सडक पर चलते समय यातायात नियमो का पालन करने कहा जाता है। बिना हेलमेट वाहन परिचालन को लेकर भी कार्यवाही की जाएगी।

-उमेश कश्यप,
एएसपी, जांजगीर चाम्पा

# अकलतरा क्षेत्र के 41 हजार विद्युत उपभोक्ताओं पर 61 करोड़ का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा


अकलतरा क्षेत्र के 41 हजार विद्युत उपभोक्ताओं पर करीब 61 करोड का बिजली बिल बकाया है। जिसके चलते क्षेत्र में बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।

विदित हो कि अकलतरा क्षेत्र के 41 हजार सक्रिय उपभोक्ताओं से 61 करोड़ का विद्युत बिल बकाया है उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल भुगतान में रुचि नहीं दिखाई जा रही है इस कारण उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है । विद्युत कनेक्शन काटने व टीमों का गठन कर डोर टू डोर विद्युत कनेक्शन काटने की यह दूसरी करवाई थी वर्तमान में दो माह से अधिक दिनों तक विद्युत बिल का भुगतान न करने पर कनेक्शन काटे गए उपभोक्ताओं से अपील किया जाता है कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समय पर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें, विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी रहेगी । साथ ही ऐसे उपभोक्ता जो कई महीनो से विद्युत बिल का भुगतान नहीं किए हैं, विद्युत लाइन की चोरी कर रहे हैं दूसरे कनेक्शन से विद्युत कनेक्शन का उपयोग कर रहे हैं , मीटर बाई पास कर विद्युत की चोरी कर रहे हैं, के विरुद्ध,पंचनामा, एफ आई आर, चोरी हेतू कानूनी कार्रवाई की जावेगी। जिनमें से 130 उपभोक्ताओं से 33 लाख रुपए की राशि वसूल की गई थी। कुल 849 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 117.00 लाख की दी गई। कुल 43 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 7.26लाख है । कुल 89 उपभोक्ताओं से 16.09 लाख की वसूली की गई है। बताया जा रहा है कि अकलतरा क्षेत्र में बिजली बिल बकायादारों में आने वाले समय में भी आने वाले दिनों में कार्रवाई की जाएगी। इधर बिजली बिल बकायादारों पर हो रही कार्रवाई से कनेक्शनधारियों में हडकंप मच गया है। जिसके चलते कई लोग बिजली बिल अदा कर रहे है।

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि अकलतरा क्षेत्र में बिजली बिल बकायादारों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस तरह से कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### आबकारी विभाग की टीम ने 19 लीटर कच्ची महुआ शराब

**मालखरौदा।** सक्ती कलेक्टर के निर्देश पर और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर को आबकारी वृत्त मालखरौदा में दौरान गश्त मुखबिर द्वारा ग्राम आमनदुला में संतोष सोनवानी पिता शिवप्रसाद उम्र 45 वर्ष के द्वारा अपने घर में महुआ शराब को बनाकर बिक्री हेतु रखने की सूचना पर तत्काल मय स्टाफ जांच कार्यवाही करने दो लीटर क्षमता वाली 6 नग प्लास्टिक बॉटल प्रत्येक में 2-2 लीटर भरी कुल 12 लीटर महुआ शराब बरामद होने पर धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया। ग्राम कुरदा में राजकुमार जांगड़े पिता नेताराम उम्र 30 वर्ष के संज्ञान आधिपत्य से 5 लीटर क्षमता वाली 2 नग प्लास्टिक जरीकेन में भरी कुल 7 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब बरामद होने पर धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर दोनों आरोपियों को जेल निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, घनश्याम प्रधान, मु आर रघुनाथ पैकरा, संजीव भगत ,आबकारी स्टाफ कमलेश यादव, भारती का योगदान रहा ।



अधिकारी कर्मचारियों से भेंट कर रहे फेडरेशन के पदाधिकारी

# कलम बंद-काम बंद आंदोलन को मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला शाखा जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में तृतीय चरण के अंतर्गत 29 से 31 दिसंबर तक प्रस्तावित जिला स्तरीय कलम बंद–काम बंद आंदोलन के समर्थन में सघन संपर्क एवं समर्थन अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत बम्हनीडीह ब्लॉक के तहसील, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रत्यक्ष संपर्क कर आंदोलन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई, जहां कर्मचारियों ने मांगों को न्यायसंगत बताते हुए आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान किया। चांपा नगर स्थित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं वन मंडलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट कर सहयोग एवं समर्थन प्राप्त किया गया। कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



आंदोलन के लिए एकजुट होते कर्मचारी।

### कलम बंद हड़ताल को लेकर विभिन्न कार्यालयों का दौरा

**अकलतरा।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर₹ मोदी की गारंटी₹ के तहत शासकीय सेवकों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता ,जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि को जी पी एफ खाते में समायोजन करने ,विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति दूर करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने ,चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने,कैशलैस सुविधा तथा प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना कर संपूर्ण लाभ देने सहित 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 29 से 31 दिसंबर तक तहसील शाखा अकलतरा के विभिन्न कार्यालयों का दौरा किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों को मिले जीवन सहायक उपकरण

**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के प्रयास से अनुभव भवन बालको नगर में जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया के नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महापौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मीना शर्मा, रुक्मणी नायर, मैत्री संघ के अध्यक्ष के एन सेठ, महासचिव पी एल सोनी, मैत्री संघ के सदस्यगण, समाज कल्याण विभाग के अधिकारीगण, नगर निगम के अधिकारीगण, पार्षद सत्येंद्र दुबे, पार्षद मंगल राम बंदे, पार्षद चेतन मैत्री, पार्षद चंदा देवी रत्नाकर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### युवा भविष्य के स्वर्णिम भारत के निर्माताः रणधीर

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक स्वर्णिम भारत आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेकर चल रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत तभी बनेगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के मंत्र के साथ काम करेंगे। इसी कड़ी में शासकीय कन्या विद्यालय टी पी नगर के बच्चों को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रणधीर कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष झखेंद्र देवांगन मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राजेश राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, अनिल वस्त्रकार,रमाशंकर साहू, राहुल नवनीत शुक्ला, सूरज पांडेय, सुकेश दलाल, राजेंद्र राजपूत, नवीन जायसवाल के साथ शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने औद्योगिक तकनीकी का किया गहन अध्ययन

**कोरबा।** कक्षा दसवीं व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए सीपेट का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कुल 54 विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। प्रधानाचार्य हेमंतो मुखर्जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्री मुखर्जी सदैव विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक, तकनीकी एवं औद्योगिक अनुभव प्रदान करने पर विशेष बल देते हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। शैक्षणिक भ्रमण में रश्मि, ज्योति, रीना, सुल्तान एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने प्रोसेसिंग लैब का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को प्लास्टिक से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे छोटे, पतले, खोखले से लेकर मोटे पाइपों एवं बोतलों की निर्माण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। उत्पादों के निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल को दिखाया गया तथा उनकी विशेषताओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को हॉलो पाइप निर्माण प्रक्रिया मशीनों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से दिखाई गई। इसके साथ-साथ दोषपूर्ण उत्पादों के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी समझाई गई।

### पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां करें पूर्ण : कलेक्टर

**कोरबा।** जिले में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। कलेक्टर ने अभियान की सफल संचालन एवं शून्य से 05 वर्ष के सभी लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिया। साथ ही अभियान दिवस को पोलियो खुराक पीने से वंचित बच्चों को मॉपअप दिवस के दिन घर-घर जाकर खुराक पिलाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। बैठक में एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश नाग, अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को आयोजित किया है।

# निजी स्कूल अब आरटीई के तहत पहली कक्षा में ही ले सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निःशुल्क शिक्षा अधिकार के तहत निजी स्कूलों के द्वारा छात्रों को प्रवेश देने के मामले में किए जा रहे फर्जीवाड़े पर डीपीआई ने रोक लगा दी है। अब निजी स्कूल आरटीई के तहत केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश दे सकेंगे। आगे की कक्षाओं में सीट रिक्त होने के बाद भी प्रवेश देने के मामले में डीपीआई ने रोक लगा दी है और इसके आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12, के खण्ड (1) के उपखण्ड (ग) के प्रावधान अनुसार राज्य में निजी विद्यालयों द्वारा केवल कक्षा पहली में प्रवेश दिए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव नीलम टोप्पो ने आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में अब प्रवेश कुछ इस तरह की शर्तों पर होगा। नियमों में बदलाव के पीछे आरटीई के तहत प्रवेश को लेकर हो रही गड़बड़ी और फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाना माना जा रहा है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश को लेकर बड़े पैमाने पर शिकायतें राज्य सरकार को लगातार मिल रही है। उत्तर छत्तीसगढ़ में एक और दो कमरों में दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में आरटीई के तहत दस्तावेजों में बच्चों का प्रवेश दिखाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने का काम किया जा रहा है। शहर के कई नामी स्कूल आरटीई के तहत मिलने वाली बड़ी राशि के फेर में पहली कक्षा में प्रवेश देने के बाद आगे की कक्षाओं में सीट रिक्त होने पर भी उक्त सीट को एडमिशन वाली सूची में शामिल कर राशि ले ली जाती थी इससे राज्य सरकार को भी नुकसान उठाना पड़ रहा था। वहीं दूसरी ओर इस फर्जीवाड़े में छात्रों की कम दर संख्या वाले ऐसे स्कूल जो बंद होने की स्थिति में आ गए थे वह इस खेल में पुर्नजीवित हो गए थे। ऐसे स्कूलों पर अब ताला लगने की स्थिति आ जाएगी।

## डीपीआई ने नियम में बदलाव कर जारी किया आदेश

**खास बात**

- आगे की कक्षाओं में सीट रिक्त होने के बाद भी प्रवेश पर लगी रोक



### आदेश हुआ है जारी

डीपीआई के द्वारा आरटीई के तहत निजी स्कूलों में पहली कक्षा में ही प्रवेश देने का आदेश जारी हुआ है। अब निजी स्कूल पहली कक्षा के बाद आगे की कक्षाओं में सीट के रिक्त होने पर भी प्रवेश नहीं दे सकेंगे इस पर रोक लगा दी गई है।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

## नर्सरी के लिए भ्रम की स्थिति

कुछ बड़े स्कूल नर्सरी कक्षाओं में भी आरटीई के तहत प्रवेश दिया करते थे इस आदेश में कक्षा पहली का जिक्र होने के कारण यह स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि अब इस आदेश के बाद नर्सरी की कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश देना होगा या नहीं इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा डीपीआई से मार्गदर्शन लेने की बात कही गई है।

### एसईसीएल गेवरा, कुसमुंडा, दीपका, कोरबा क्षेत्र से प्रभावित ग्राम के भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

# पहले खदानबंदी आंदोलन, फिर रैली निकालकर घेरा जीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र से प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में रोजगार व आऊटसोर्सिंग कार्यों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। भूविस्थापितों ने गेवरा खदान के तीन फेस में कोल उत्पादन बंद कर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद भूविस्थापित रैली की शक्ल में एसईसीएल गेवरा मुख्यालय पहुंचे और कार्यालय के दोनों मुख्य द्वार को बंद कर धरना प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 30 दिसंबर को कुसमुंडा में खदान बंदी आंदोलनन की चेतावनी

एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा व भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में अर्जन के बाद जन्म, छोटे खातेदारों को रोजगार एवं लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित गांव के बेरोजगारों को शत प्रतिशत रोजगार देने की मांग को लेकर सुबह से ही गेवरा खदान के अंदर तीन जगहों में कोल उत्पादन बंद कर दिया एवं रैली निकाल कर एसईसीएल गेवरा मुख्यालय के दोनों मुख्य द्वार को बंद कर घेराव प्रदर्शन किया। एसईसीएल द्वारा प्रभावितों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने पर प्रदर्शनकारी द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा कर नारेबाजी करने लगे। घेराव को रोकने के लिए दो मुख्य गेट में बेरिकेटिंग की गई थी। आंदोलन से पीछे नहीं हटने पर एसईसीएल ने लिखित में बिलासपुर मुख्यालय में बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया उसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। आंदोलन का नेतृत्व जवाहर सिंह कंवर और दीपक साहू ने किया। किसान सभा ने कहा है कि मांगों पर आगे सकात्मक पहल नहीं हुआ तो 30 दिसंबर को कुसमुंडा क्षेत्र में प्रदर्शन और खदान बंदी आंदोलन किया जायेगा। किसान सभा ने आगे के आंदोलन के लिए नोटिस पहले ही अधिकारियों को थमा दिया है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि सभी भूविस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भूविस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है। अपने पुनर्वास और रोजगार के लिए भूविस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। अब गुमराह करने का प्रयास एसईसीएल बंद करे नहीं तो आगे खदानों में और उग्र आंदोलन होगा। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि पुराने लंबित रोजगार को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है। किसानों को छोटे बड़े खातेदार के नाम पर बांटा जा रहा है, किसानों की एकता में फुट डालने का काम एसईसीएल और आउट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित किया गया है और आउट सोर्सिंग कार्यों में भी प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया है।





खदान में काम रुकवाते एवं प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

# सूने मकान में चोरों का धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक परिवार विगत दिनों इलाज कराने के लिए सहपरिवार बिलासपुर अपोलो अस्पताल गये हुए थे। इस दौरान दोपहर को उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में रखे लाखों रुपए के कीमती सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

थाना सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आरपी नगर कोसाबाडी मकान नंबर 846 निवासी डा. शिरीन लाखे उम्र 69 वर्ष पिता स्व. एनए लाखे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 दिसंबर को अपने इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर गया हुआ था। इस दौरान दोपहर 3 से 4 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोरों के द्वारा घर के दरवाजा का ताला तोड कर घर के आलमारी में रखे पुराने सोने का मंगलसूत्र 30 ग्राम, सोने का हार 2 नग लगभग 30-35 ग्राम, सोने का कडा 2 नग 30 ग्राम, सोने का टाप्स 3 नग 9 लगभग ग्राम, चांदी लगभग 100 ग्राम, नगदी रकम 50 हजार रूपये कुल जुमला किमती लगभग 4 लाख रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है। चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इसी तरह बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मातिन निवासी प्रियंका ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका पति कमलेश एसईसीएल कोतमा जमुना बीटीसी सेन्टर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। प्रियंका रोजाना घर से आंगनबाड़ी लोड़ीबहरा में काम करने सुबह 9 बजे और शाम 5 बजे वापस घर आती है। 4 दिसंबर को अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला खोलकर कमरे में रखे टीन के पेटी से सोने का मंगलसूत्र, टाप्स पार कर दिया।

# 50 हाथियों का झुंड पहाड़ पर, एक दंतैल नीचे में मकानों को बना रहा निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में स्थायी ठिकाना बना चुके हाथियों के झुंड में से 50 हाथी पहाड़ के ऊपर डेरा डाले हुए हैं तो वहीं एक दंतैल पहाड़ से नीचे उतर कर लगातार बस्ती में उत्पात मचा रहा है। देर शाम होते ही बस्तियों में घुसकर मकान को तोड़फोड़ करता है जो वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। दंतैल हाथी पिछले तीन दिनों में कई मकानों को तोड़ चुका है। जिसे कंट्रोल करना वन विभाग के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जबकि 50 हाथी पहाड़ के आसपास ही विचरण कर रहे हैं।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में 51 हाथी मचा रहे हैं उत्पात



कटघोरा वन मंडल में विचरण कर रहे हैं हाथी का झुंड पूर्व में एतमानगर, केंदई व पसान रेंज में ही अक्सर आना-जाना करते थे लेकिन पिछले 15 दिनों से 51 हाथियों का झुंड जटगा रेंज में ही अपना स्थायी ठिकाना बना चुके हैं। इसी रेंज के अंतर्गत आने वाले मेड़ू पहाड़ पर ही अपना स्थायी डेरा जमा चुके हैं। पिछले तीन दिनों से पहाड़ के आसपास ही हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जबकि झुंड में से अलग होकर एक दंतैल हाथी पिछले तीन दिनों से पहाड़ से नीचे उतरकर बस्ती के आसपास विचरण कर रहा है। वन विभाग की माने तो देर शाम होते ही दंतैल हाथी एक्टिव हो जाता है और बस्तियों में घुसने की कोशिश करता है और मकान को तोड़फोड़ मचाते हुए जान माल का नुकसान करता है। बीती रात सोमवार को लगभग 2 बजे यह दंतैल हाथी जटगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भंवरकछार जा धमका था। जहां एक मकान को तोड़ते हुए जमकर उत्पात मचाने लगा। वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग करते हुए मौके पर पहुंची और घर के भीतर मौजूद लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। वन विभाग की टीम नहीं मौके पर नहीं पहुंचती तो बड़ी जनधन की हानि भी हो सकती थी। बताया जाता है कि दंतैल हाथी बहुत ही आक्रामक है और लगातार बस्तियों के आसपास घुसकर उत्पात मचा रहा है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगातार इस दंतैल हाथी की निगरानी कर रहा है और उसे झुंड में मिलाने की कोशिश कर रहे हैं।


### महापौर ने 86 वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदान किया

# वरिष्ठजनों की सेवा हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण अंगः संजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठजनों की सेवा सुश्रुषा करना एवं उन्हें सम्मान देना हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं और हमारा परम कर्तव्य भी है, हमारे वरिष्ठजनों के जीवन अनुभव एवं उनके मार्गदर्शन हमारी जीवन यात्रा को सही दिशा देते हैं, सही और गलत का भेद समझाते हैं। हमारा परम दायित्व है कि हम समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करें, उनकी सेवा करें तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

उक्त बातें महापौर ने वरिष्ठजनों के लिए आयोजित निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह के दौरान कहा। जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं नगर पालिक निगम के सहयोग से भारत सरकार की कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन आफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत मैत्री संघ भवन बालको कोरबा में वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। महापौर ने कहा कि हमारे बुजुर्ग भारतीय संस्कृति के केन्द्र बिन्दु हैं एवं उनकी स्मृतियॉं हमारी सभ्यता की नींव है। वरिष्ठजनों का सम्मान करना, उनका सहारा बनना एवं माता-पिता की पूजा करना, ईश्वर की आराधना के समान है और हमारा नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार वरिष्ठजनों की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता एवं उनका गरिमामय जीवन सुनिश्चित करने हेतु कृत संकल्पित है तथा पूरी इच्छाशक्ति के साथ इस दिशा में कार्य कर रही है। इस दौरान महापौर एवं उपस्थित अतिथियों ने 86 वरिष्ठजनों को आवश्यकतानुसार विभिन्न जीवन सहायक उपकरण यथा वाकिंग स्टिक, कमरबेल्ट, कमोट कुर्सी, श्रवण यंत्र, वाकर सहित अन्य उपकरण प्रदान किए, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल एवं पार्षद सत्येन्द्र दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्षद चेतन सिंह मैत्री, मंगलराम बंदे, रजत प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूकमणी नायर, रेणु प्रसाद, राकेश सोनी, चंदादेवी रत्नाकर, भगत विश्वकर्मा, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना, निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी, मुकेश दिवाकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।




वरिष्ठजनों को उपकरण प्रदान करते महापौर, एमआईसी सदस्य एवं अन्य।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बाँझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वेरीकोस वेन, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे' को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे' के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे' में समेटा गया है।

लाइफ Style

# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।



### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया के जन्मदिन पर कंबल वितरण आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के जन्मदिन पर गुरूवार 18 दिसंबर को नैला में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण के साथ सहित अन्य विविध कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी पूर्व एल्डरमेन रफीक सिद्दिकी ने दी है।



### रात्रिकालीन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**शिवरीनारायण।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में रात्रिकालीन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार 18 दिसंबर को अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आधुनिक फ्लडलाइट व्यवस्था के बीच आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित टीमें भाग ले रही हैं, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक होने की संभावना है।आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई है कि प्रतियोगिता के विजेता दल को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख 51 हजार नकद राशि एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं उपविजेता टीम को 75 हजार नकद राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे।आयोजन समिति ने नगरवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। प्रथम मैच सुमन क्रिकेट क्लब शिवरीनारायण वर्षेश सरस्वती शिशु मंदिर बैच के मध्य होगा।

### बसपा द्वारा जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी अजय बंजारे को

**तुस्मा।** ग्राम दुरपा निवासी अजय कुमार बंजारे को बहुजन समाज पार्टी द्वारा जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार की गई है। जिला प्रभारी बनाए जाने पर ग्राम दूरपा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए बधाइयाँ दी हैं। अजय कुमार बंजारे ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और बहुजन समाज के हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## निधन

### भूरी बाई राठौर

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम सिवनी की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती भूरी बाई राठौर का मंगलवार 16 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सिवनी स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे दामोदर प्रसाद, सुखनंदन, राघुनन्दन प्रसाद राठौर के माता थी। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### 22 को जांजगीर में भाजपा का बड़ा आयोजन, केन्द्रीय मंत्री नडडा के साथ पहुंचेंगे दिग्गज नेता

# प्रभारी मंत्री चौधरी ने किया स्थल निरीक्षण जिला सहित संभाग के अफसरों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में पुलिस लाईन पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से बिलासपुर संभाग के सभी कलेक्टरो एवं जिले के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 दिसम्बर को पुलिस लाईन खोखरा में केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बुधवार 17 दिसंबर को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच व्यवस्था, डोम, साउंड, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई एवं आवागमन, पार्किंग से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ दिव्यांगजन, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएं। निरीक्षण उपरांत प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से बिलासपुर संभाग के सभी कलेक्टरों एवं जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा, विभागीय दायित्वों एवं समन्वय व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जिले के लिए गौरव का अवसर है, सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक सौंपे गए दायित्वो का निर्वहन करें। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व संसदीय सचिव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, मुख्यमंत्री सचिव पी दयानंद, संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन, पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वन मंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, पंकज अग्रवाल, हितेश यादव सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



पुलिस लाइन पहुंचकर स्थल चयन का जायजा लेते प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी।



# जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत सक्ती का किया औचक निरीक्षण

## समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन ने बुधवार को जनपद पंचायत सक्ती पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। सीईओ श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान शासन की जनहितकारी योजनाओं का सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए।

उन्होंने जनपद पंचायत सक्ती के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के समस्याओं को त्वरित समाधान करने, राशनकार्ड संबंधी कार्यों को पूर्ण करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन' के महत्वपूर्ण कार्यों जैसे लखपति दीदी एवं लोकस कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने एवं महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती निखिल कश्यप द्वारा योजनाओं अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। सीईओ श्री जैन ने सभी कार्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहकर जनपद पंचायत कार्यालय में आने वाले आमजन कि समस्याओं का त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय सक्ती के सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



जनपद पंचायत का निरीक्षण कर5ने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ।

# समय प्रबंधन, संस्कार तथा सतत परिश्रम सफलता का मूल मंत्र है : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर ग्राम कटघरी में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया है विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर बौद्धिक सत्र में अध्यक्ष खनिज एवं विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन सौरभ सिंह का आगमन हुआ।

उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन, संस्कार तथा सतत परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र है। बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कोमल शुक्ला प्राध्यापक टी सी एल महाविद्यालय, दीपक यादव व्याख्याता शाउमावि शाला मड़वा, अनुभव तिवारी केशव मूर्ति सिंह, अजय अग्रवाल एवं अजय राठौर ने अपने विषय में उद्बोधन दिया। बौद्धिक गोष्टी के अंत में सभी अतिथियों का शाल से सम्मान किया गया। रात्रि कालीन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव एवं आभार प्रदर्शन पुरुष कार्यक्रम अधिकारी आर के पांडे ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

# विधानसभा में विधायक ने चिटफंड कंपनियों पर कार्यवाही का मामला उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने जिला जांजगीर-चांपा में चिटफंड कंपनियों पर कार्यवाही का मामला उठाया। उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा से पूछा कि वर्ष 2018 से 2025 तक कितने चिटफंड कंपनियों के ऊपर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिला जांजगीर-चांपा के कितने निवेशकों की राशि वापस मिली तथा कितने शेष हैं। चिटफंड कंपनियों की तर्ज पर वर्तमान में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर जांजगीर-चांपा जिले में कितनी राशि के ठगी के कितने मामले सामने आये हैं। ठगी करने वालों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई अथवा की जा रही है। चिटफंड, शेयर मार्केट पोंजी स्कीम में निवेश को रोकने तथा जन जागरूकता के लिए जिला पुलिस विभाग जांजगीर-चांपा के द्वारा कब-कब एवं क्या-क्या कार्यवाही की गई है। उक्त अतारांकित प्रश्न के जवाब में बताया गया कि प्रश्नावधि में जिला जांजगीर-चांपा में 6 अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध छः प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला जांजगीर-चांपा के 829 निवेशकों को कुल 51 लाख 38 हजार 150 रूपये वापस मिली है तथा 17 हजार 715 निवेशकों को राशि वितरित किया जाना शेष है। शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर जांजगीर-चांपा जिले में 08 करोड़ 49 हजार 951 रूपये की ठगी के कुल 7 मामले सामने आये हैं, जिनमे अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इन प्रकरणों में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा शेष 5 आरोपियों की पतासाजी जारी है। चिटफंड, शेयर मार्केट, चेन मार्केटिंग, पोंजी स्कीम से बचाव हेतु जांजगीर पुलिस के द्वारा आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों व कंपनियों के संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की जा रही है जिससे अपराधों की पुनरावृत्ति न हो।

# नपं अध्यक्ष ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमि पूजन



**राहौद।** नगर के गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 5 में लंबे समय से लंबित 10 लाख रुपये के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप व जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को पूजा- अर्चना कर किया। पुराना सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से कौशल अनंत के घर तक बनने जा रही सीसी रोड से बरसात के दिनों में आवागमन करने में होने वाली सबसे बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर संतोष यादव सभापति,अमित कुमार अनंत सभापति, राजेश यादव सभापति, पार्षद नरसिंह गोंड, पार्षद परम कुर्रे , पार्षद प्रतिनिधि विमल मनहर ,राजू सोनी , डॉ सुनील गुप्ता , पूर्व नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरेन्द्र नाथ योगी , विधायक प्रतिनिधि प्रह्लाद देवांगन, प्रभात कश्यप, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भगवती ध्रुव अमन अनंत, जयमन बंजारे, प्रेम कुर्रे ,रविन्द्र रात्रें, लक्ष्मी प्रसाद मनहर, सूरज मनहर ,आशीष तुरकाने जी, सुखनंदन टंडन, गोरेलाल रात्रे एवं वार्डवासी मौजूद रहें।

# निष्काम भक्ति में भगवान स्वयं भक्त के हो जाते हैं : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 18वें दिन पूज्य स्वामी युगल शरण ने भक्ति तत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्रों में वर्णित अन्यभिलाषिताशून्य के आधार पर भक्त दो प्रकार के होते है सकाम और निष्काम।

स्वामी जी ने बताया कि सकाम भक्त भी तीन श्रेणियों में आते हैं। पहली श्रेणी वे हैं, जिन्हें भगवान की प्राप्ति हो चुकी होती है, फिर भी यदि वे संसार की कामना करें तो भगवान उसे भी प्रदान कर देते हैं। दूसरी श्रेणी में वे भक्त आते हैं, जिन्हें भगवान अपनी इच्छा से कुछ सांसारिक सुख प्रदान करते हैं। तीसरी और श्रेष्ठ श्रेणी के सकाम भक्त वे होते हैं, जो संसार नहीं बल्कि श्रीकृष्ण को ही अपने जीवन के संबंधों—पुत्र, पति या पिता—के रूप में चाहते हैं। ऐसे भक्तों की कामना भी श्रीकृष्ण से जुड़ी होती है, इसलिए वे सकाम होते हुए भी उत्तम माने जाते हैं। निष्काम भक्ति की महिमा बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि भगवान स्वयं कहते हैं जो निष्काम भाव से मेरी भक्ति करता है, मैं उसके हाथों बिक जाता हूँ। निष्काम प्रेम का अर्थ है अपनी इच्छा को भगवान की इच्छा में समर्पित कर देना। सेवा वही है, जिसमें सेवक की खुशी स्वामी की खुशी में निहित हो।उन्होंने कहा कि कर्म और ज्ञान को भक्ति की आवश्यकता होती है, परंतु भक्ति किसी पर आश्रित नहीं होती। भक्ति करने से ज्ञान और वैराग्य स्वतः प्रकट हो जाते हैं। साधक के लिए साधन भक्ति आवश्यक है, जिसके छह गुण बताए गए हैं—क्लेशों का नाश, शुभ फल प्रदान करना, मोक्ष को भी तुच्छ बना देना, दुर्लभता, सघन आनंद स्वरूप और श्रीकृष्ण को आकर्षित करने की क्षमता।प्रवचन में साधना अवस्था की दो विधियों—बैधी भक्ति और रागानुगा भक्ति—का भी उल्लेख किया गया। प्रवचन को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति तत्त्व की इस गूढ़ व्याख्या से स्वयं को भावविभोर अनुभव किया।



# कचहरी चौक पर साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का किया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

युवा संगठन युवा जांजगीर ने इस रविवार सुबह 8 बजे कचहरी चौक पर अपना नियमित साप्ताहिक स्वच्छता अभियान जारी रखा। इस बार टीम ने पिछले सप्ताह साफ किए गए क्षेत्रों के अलावा कुछ नए हिस्सों को भी शामिल किया।

युवा जांजगीर ने शहर के कई कॉलेजों और उनके आसपास के सार्वजनिक स्थलों की पहचान की है, जहाँ स्वच्छता और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी संबंधित संस्थानों और उनके एनएसएस इकाइयों को दी जा सकती है। उदाहरण के तौर पर, क्लब ने पुराने सिविल कोर्ट के सामने की दीवार का सौंदर्यीकरण शुरू कर दिया है। इसके अलावा, टीम ने एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे कॉलेज प्राचार्यों, एनएसएस समन्वयकों और नगर पालिका के मुख्य अधिकारी को सौंपा जाएगा। प्रस्ताव में यह जोर दिया गया है कि कचरा पात्रों की उचित स्थापना, दीवारों का सौंदर्यीकरण और नागरिकों के साथ सतत संवाद से स्थायी बदलाव लाया जा सकता है। 18 दिसंबर को नैला वार्ड नं 1 में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।



स्वच्छता अभियान का विस्तार करते युवा संगठन के पदाधिकारी।







